पेज़ 11

प्रश्न 1:

गर्म, शुष्क दिन में कूलर अधिक ठंडा क्यों करता है?

उत्तर 1:

जल के वाष्पीकरण की दर तापमान बढ़ने के साथ- साथ बढ़ती है। गर्म और शुष्क वातावरण में जल का अधिक वाष्पीकरण होने के कारण अधिक गुप्त ऊष्मा का अवशोषण होता है। अधिक गुप्त ऊष्मा के अवशोषण होने के कारण कूलर का जल ठंडा हो जाता है, जिससे कूलर अधिक ठंडा करता है।

प्रश्न 2:

गर्मिओ में घड़े का जल ठंडा क्यों होता है?

उत्तर 2:

गर्मिओ में जल का वाष्पीकरण अधिक होता है। वाष्पीकरण के दौरान कम हुई ऊर्जा को पुनः प्राप्त करने के लिए जल के कण घड़े की सतह से ऊर्जा अवशोषित करने लगते हैं। इसी प्रकार घड़े तथा घड़े के जल में शीतलता आ जाती है।

प्रश्न 3:

एसीटोन/पेट्रोल या इत्र डालने पर हमारी हथेली ठंडी क्यों हो जाती है?

उत्तर 3:

एसीटोन/पेट्रोल या इत्र का क्वथनांक कम होने के कारण ये हमारी हथेली से ही ऊष्मा अवशोषित करके वाष्प में बदल जाते हैं जिससे हमारी हथेली ठंडी हो जाती है।

प्रश्न 4:

कप की अपेक्षा प्लेट से हम गर्म दूध या चाय जल्दी क्यों पी लेते हैं?

उत्तर 4:

कप की अपेक्षा प्लेट की सतह का क्षेत्रफल बढ़ने से वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है जिसके कारण चाय या दूध जल्दी ठंडे हो जाते है और हम उसे आसानी से तथा जल्द पी सकते है।

प्रश्न 5:

गर्मियों में हमें किस तरह के कपडे पहनने चाहिए?

उत्तर 5:

गर्मियों में हमें सूती कपड़े पहनने चाहिए। गरमी में हमें पसीना अधिक आता है। सूती कपड़े पसीने को अवशोषित कर लेते है और जब ये पसीना वाष्पित होता है, हमे शीतलता प्रदान करता है।